**आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल**
**सेक्टर- 9 दवारका, नई दिल्ली**
**सत्र 2014-15**
संकलनात्मक मूल्यांकन (1)
सेट (ब)

दिनांक:26 सितंबर 2014

कक्षा : चतुर्थ
समय : 2 घंटे
नाम :______________
कुल पृष्ठ : 4

विषय :हिन्दी
अधिकतम अंक :50
अनुक्रमांक : ____
निरीक्षक हस्ताक्षर :_____

**सामान्य निर्देश-**

**1 प्रश्न -पत्र में चार भाग और कुल 18 प्रश्न हैं।**

**2 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**3 सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।**

## भाग क (पढ़ना)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5)

बाबा भारती के पास एक घोड़ा था।उसका नाम 'सुलतान' था।घोड़ा बहुत बलवान था।वह बहुत तेज़ दौड़ता था।उस जैसा घोड़ा पूरे इलाके में कहीं नहीं था।खड्गसिंह नाम के डाकू ने उस घोड़े के बारे में सुना।उसके मन में घोड़ा पाने की इच्छा जाग उठी।एक दिन वह रास्ते में अपाहिज बनकर बैठ गया।जब बाबा भारती वहाँ आए तो उसने मदद की प्रार्थना की।बाबा भारती को अपाहिज पर तरस आया।उन्होंने उसे सहारा देकर घोड़े पर बिठा दिया।बाबा भारती घोड़े की लगाम पकड़कर चलने लगे।अचानक उन्हें झटका लगा। अपाहिज बना खड्गसिंह देखते ही घोड़ा ले भागा।तब बाबा भारती ने उसे रोककर कहा -"इस घटना का जिक्र किसी से मत करना वरना कोई किसी गरीब पर विश्वास नहीं करेगा।" अगले दिन खड्गसिंह को अपनी गलती का एहसास हुआ और वह घोड़ा वापिस अस्तबल में बाँधकर चला गया।

**(क)खड्गसिंह कौन था?**
**(ख)खड्गसिंह घोड़ा क्यों लेना चाहता था?**
**(ग)खड्गसिंह क्या बनकर रास्ते में बैठ गया?**
**(घ)खड्गसिंह घोड़ा कहाँ व क्यों बाँधकर चला गया?**
**(ड)गद्यांश में से पर्यायवाची ढूँढों। अश्व , कामना**

## भाग ख (भाषा)

**प्रश्न 2 रिक्त स्थान में शब्दों में गिनती पूरी करें।** (2)

------------पैंसठ ------------- ------------- अड़सठ -------------सत्तर

**प्रश्न 3 निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से दो- दो शब्द बनाओ।** (2)

(क) क्ष (ख)श्र

**प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें।** (2)

(क)राम और सुग्रीव में सच्ची मित्रता थी। (ख)कुम्हार मिट्टी से घड़े बनाता है।
(ग)शाहजहाँ ने लालकिला बनवाया। (घ)भारतीय सैनिकों की वीरता का कोई मुकाबला नहीं।

**प्रश्न 5 रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दुबारा लिखो ।** (2)

(क)डाकिया चिट्ठी बाँटकर जीविका चलाता है। (ख)भारत में हर राज्य की अलग-अलग भाषा हैं।

**प्रश्न 6 दिए गए वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें।** (2)

(क)गीता ने विवाह में ढोलक ———— । (बजाना)
(ख)सीता रस्सी ————हुए गिर गई। (कूदना)
(ग)पतंग ————हुए उसका हाथ माँजे (डोर) से कट गया। (उड़ाना)
(घ)पुलिस चोर की ओर तेज़ी से ———— । (झपटना)

**प्रश्न 7 रेखांकित शब्दों के विलोम रिक्त स्थान में लिखिए।** **(2)**

(क)परीक्षा देना **साधारण** बात है परंतु पूरी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना ————बात है।
(ख)अध्यापिका जी ने कक्षा में ———— प्रश्न करवाए व गृह कार्य के लिए **लिखित** प्रश्न दिए।
(ग)मुझे————लोग पसंद है, **आलसी** नहीं। ।
(घ)सूर्य पूर्व दिशा में **उदय** होकर पश्चिम में————होता है ।

**प्रश्न 8 रिक्त स्थान में सही लिंग वाला शब्द चुनकर लिखें।** **(2)**

(क) ————युद्ध में देश के लिए लड़ते हैं। (वीर/वीरांगना)
(ख)वह ————बहुत अच्छी कविता लिखती है। (कवि/ कवयित्री)
(ग) ————का दूध पौष्टिक होता है। (गाय/ बैल)
(घ) ———— गाँव की महिलाओं की सभा में भाषण देती हैं। (ठाकुर/ठकुराइन)

**प्रश्न 9 रेखांकित संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखें।** **(2)**

(क)राम ने **रावण** को लंका में ही जाकर मारा।
(ख)रोहित बीमार है इसलिए **रोहित** स्कूल नहीं गया।

**प्रश्न 10 लिंग बदलो।** **(2)**

(क)हाथी (ख)ग्वाला (ग)नाती (घ)महोदय

**प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखें।** **(2)**

(क)मुझे अपना पेन वापिस चाहिए। (ख)पुलिस ने जिन्हें पकड़ा वे सब चोर थे।

## भाग ग - (साहित्य)

**प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखो।** **(2)**

(क)मसनद (ख)वेग (ग)प्रस्ताव (घ)विधि

**प्रश्न 13 कविता 'यह है त्योहारों का देश' के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(3)**

**हिंदू -मुसलमान की टोली,**
**ईद मिले औ खेले होली।**
**आपस में हिलमिल रहने का**
**देते हम संदेश!**
**यह है त्योहारों का देश।**

(क)इस कविता के कवि का नाम लिखें।
(ख)हिंदू -मुसलमान की टोली क्या करती है?
(ग)कवि क्या संदेश देने की बात कर रहा है?
(घ)'हिलमिल' का अर्थ लिखें।

**प्रश्न 14 रिक्त स्थान भरें।** **(2)**

(क)लेखक को एक ————की तलाश थी।
(ख)गाँधी जी पत्रों के ————को लिखने के काम में लेते थे।
(ग)पाठ' गुब्बारे में चीता' के लेखक————हैं।
(घ)छिपकली ————खाती है ।

**प्रश्न 15 निम्नलिखित वाक्यों में सही (√)या गलत(×) का निशान लगाएँ।** **(1)**

(क) चिड़िया की तीन बहनें थीं। (ख) बच्चों के विवाद का निपटारा पिताजी ने किया।

**प्रश्न 16 किसने, किससे कहा?** **(4)**

(क)मुझको मालूम नहीं था यह बगीचा आपका है।

(ख)तो कोई फटा -पुराना कपड़ा ही दे दो।

(ग)आओ ,चले आओ, चार आने में आसमान की सैर कर लो।

(घ)खोल कमरे में नहीं टाँगे जाते,कूड़े में फेंके जाते हैं।

**प्रश्न 17 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क)नौकरी पाने की क्या शर्त थी ? **(1)**

(ख)गाँधी जी के मन में क्या विचार उठा? **(1)**

(ग)वृक्ष वायुमंडल को कैसे स्वस्थ रखते हैं? **(1)**

(घ)सेठ के बटन दबाने पर क्या हुआ ? **(1)**

(ङ)गाँधी जी ने बालटी क्यों टँगवाई? उसका क्या उपयोग होता? **(2)**

(च)बलदेव ने अपनी जान कैसे बचाई ? **(2)**

## भाग-घ (लेखन)

**प्रश्न 18 कोई एक कीजिए।** (पत्र लेखन या अनुच्छेद लेखन) **(5)**

**प्रश्न दिए गए संकेतों के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। मेरा देश**

देश का नाम,राज्य,महासागरों से घिरा,प्रमुख नदियाँ, पहाड़ ,त्योहार,वेश-भूषा, भाषाएँ ,धर्म,अनेकता में एकता।

**या**

**प्रश्न प्रधानाचार्या जी को अपनी कक्षा का विभाग (सैक्शन) बदलवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखें।**